

WHISPERS IN THE CORRIDORS .COM
डॉ. सुरेश मेहरोत्रा
नईदुनिया से विशेष अनुबंध के तहत
राजनीतिक, प्रशासनिक व कॉर्पोरेट जगत की खबरें

## राजनीतिक

**• क्या आगामी मंत्रिमंडल फेरबदल से 'सम्मानजनक इस्तीफे' की लहर शुरू होने वाली है ?**

सरकारी सूत्रों से मिल रहे कई संकेतों से पता चलता है कि आगामी मंत्रिमंडल फेरबदल केवल नए मंत्रियों की नियुक्ति तक सीमित नहीं है, बल्कि वरिष्ठ मंत्रियों के इस्तीफे को नियंत्रित करने की एक सुनियोजित रणनीति भी हो सकती है। सूत्रों का कहना है कि इस रणनीति के तहत कई वरिष्ठ मंत्री 'सम्मानजनक' परिस्थितियों में पद छोड़ सकते हैं। इसमें स्वैच्छिक सेवानिवृत्ति, स्वास्थ्य संबंधी कारणों से पद छोड़ना और राज्यपाल जैसे संवैधानिक पदों पर रणनीतिक रूप से पुन: तैनाती शामिल हो सकती है। ऐसा प्रतीत होता है कि यह दृष्टिकोण पीढ़ीगत परिवर्तन और राजनीतिक संदेश के बीच संतुलन बनाने के लिए तैयार किया गया है, ताकि अचानक बर्खास्तगी के नकारात्मक प्रभाव से बचा जा सके और महत्वपूर्ण चुनावी चक्रों से पहले नए चेहरों के लिए जगह बनाई जा सके। ऐसी अटकलें भी लगाई जा रही हैं कि कुछ कम प्रदर्शन करने वाले विभागों में चुपचाप नेतृत्व परिवर्तन हो सकता है, जिसमें मौजूदा पदाधिकारियों को सार्वजनिक रूप से हटाने के बजाय धीरे-धीरे पद से हटाया जा सकता है। कुछ मामलों में, पार्टी के भीतर संगठनात्मक भूमिकाओं को वैकल्पिक जिम्मेदारियों के रूप में पेश किया जा सकता है। इसलिए, यह फेरबदल दोहरे उद्देश्य की पूर्ति कर सकता है: नवीनीकरण का संकेत देते हुए पदानुक्रम और अनुभव को संरक्षित करना। यदि इसे अपेक्षा के अनुरूप लागू किया जाता है, तो यह वफादारी को पुरस्कृत करने, असहमति को नियंत्रित करने और आंतरिक अस्थिरता को जन्म दिए बिना शासन व्यवस्था को नया रूप देने के एक परिचित प्रारूप को प्रतिबिंबित करेगा।

## प्रशासनिक



**• सीबीडीटी अध्यक्ष रवि अग्रवाल को छह महीने का विस्तार मिला**

सीबीडीटी के अध्यक्ष रवि अग्रवाल को संविदा आधार पर छह और महीनों के लिए सीबीडीटी अध्यक्ष के रूप में पुन: नियुक्त किया गया है। वे 1988 बैच के आईआरएस (सी एंड सीटी) अधिकारी हैं।

**• हरियाणा के मुख्यमंत्री रस्तोगी को सेवाकाल में और विस्तार मिला**

हरियाणा के मुख्य सचिव अनुराग रस्तोगी की सेवा अवधि को 1 जुलाई, 2026 से 31 दिसंबर, 2026 तक छह महीने के लिए और बढ़ा दिया गया है। रस्तोगी हरियाणा कैडर के 1990 बैच के आईएएस अधिकारी हैं।

**• मंत्रिमंडल फेरबदल के बाद सीबीडीटी में क्या बदलाव आए**

कर जगत में यह चर्चा चल रही है कि आगामी मंत्रिमंडल फेरबदल के बाद सीबीडीटी और सीबीआईसी में वरिष्ठ स्तर पर संभावित समायोजन हो सकते हैं, जिसमें जीएसटी/सीमा शुल्क/डीआरआई क्षेत्रों के लिए डिजिटल अनुपालन और एआई प्रवर्तन विशेषज्ञों पर विशेष ध्यान दिया जाएगा। अनुमान है कि मध्य-स्तरीय आईआरएस अधिकारियों को 2026 के मध्य में पदोन्नति दी जाएगी ताकि सेवानिवृत्ति के कारण खाली हुई जगहों को भरा जा सके।

**• क्या नौकरशाही के पुराने नेता डेटा को राष्ट्रीय संपत्ति के रूप में स्वीकार करेंगे?**

प्रधानमंत्री के प्रधान सचिव पी.के. मिश्रा ने प्रशासनिक आंकड़ों को 'राष्ट्रीय संपत्ति' के रूप में मानने की आवश्यकता पर बल दिया है, जो डेटा-आधारित शासन की दिशा में एक तीव्र गति का संकेत है। यह अपील सरकार द्वारा सार्वजनिक अभिलेखों के डिजिटलीकरण, डेटाबेस के एकीकरण और वास्तविक समय विश्लेषण के माध्यम से नीतिगत लक्ष्यों को बेहतर बनाने के निरंतर प्रयासों के बीच आई है। सैद्धांतिक रूप से, यह बदलाव अधिक कुशल कल्याणकारी वितरण, कड़ी वित्तीय निगरानी और साक्ष्य-आधारित निर्णय लेने का वादा करता है। हालांकि, असली परीक्षा तो नौकरशाही के भीतर ही है। भारत की प्रशासनिक व्यवस्था-विशेषकर इसके वरिष्ठ स्तर-लंबे समय से अलग-थलग सूचना प्रणालियों, डेटा पर विवेकाधीन नियंत्रण और सतर्क फाइल-आधारित प्रक्रियाओं के माध्यम से काम करती रही है। कई लोगों के लिए, डेटा का स्वामित्व ही शक्ति है, और इसे क्षैतिज रूप से साझा करना या केंद्रीय रूप से मानकीकृत करना संस्थागत प्रभाव के नुकसान के रूप में देखा जा सकता है।

कुछ संरचनात्मक बाधाएं भी हैं: पुरानी प्रणालियां, राज्यों में असमान डिजिटलीकरण और डेटा प्रबंधन में क्षमता की कमी। हालांकि युवा अधिकारी और तकनीकी विशेषज्ञ एकीकृत प्लेटफार्मों के प्रति अधिक ग्रहणशील हैं, लेकिन निष्क्रिय और प्रक्रियात्मक दोनों प्रकार के प्रतिरोध से कार्यान्वयन में देरी हो सकती है। अंतत:, अनुपालन प्रोत्साहन और प्रवर्तन पर निर्भर करेगा। स्पष्ट जवाबदेही, अंतरसंचालनीयता जनादेश और राजनीतिक समर्थन के बिना, डेटा संग्रह से डेटा उपयोग की ओर परिवर्तन एक व्यवस्थित प्रक्रिया बनने के बजाय एक आकांक्षा मात्र ही रह सकता है।

**• एनटीपीसी ने नए सीएमडी पद के लिए साक्षात्कार हेतु आवेदन आमंत्रित किए**

एनटीपीसी के अध्यक्ष और प्रबंध निदेशक (सीएमडी) पद के लिए साक्षात्कार पत्र सोमवार शाम को जारी कर दिया गया है। चयन साक्षात्कार शनिवार, 4 जुलाई 2026 को सुबह 9:00 बजे से 11:00 बजे के बीच आयोजित किया जाएगा।

**• ONGC में अध्यक्ष पद के लिए विज्ञापन जारी**

सार्वजनिक उद्यम चयन बोर्ड ने ऑयल एंड नेचुरल गैस कॉर्पोरेशन लिमिटेड में अध्यक्ष पद के लिए विज्ञापन जारी किया है । आवेदन 21 जुलाई, 2026 तक प्राप्त हो जाने चाहिए।



**• अतुल गुप्ता ईआईएल के नए सीएमडी हैं।**

पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय से मंजूरी मिलने के बाद अतुल गुप्ता को इंजीनियर्स इंडिया लिमिटेड (ईआईएल) का अध्यक्ष और प्रबंध निदेशक (सीएमडी) नियुक्त किया गया है।

**• सुखविंदर सिंह एचआरआईडीसी का एमडी नियुक्त**

सुखविंदर सिंह, जो पहले पटियाला लोकोमोटिव वर्क्स (पीएलडब्ल्यू) में मुख्य विद्युत अभियंता/लोको (सीईई/लोको) के पद पर कार्यरत थे, को हरियाणा रेल अवसंरचना विकास निगम लिमिटेड (एचआरआईडीसी) में तीन साल की अवधि के लिए प्रबंध निदेशक (एमडी) के रूप में प्रतिनियुक्त किया गया है। वे भारतीय रेलवे विद्युत अभियंता सेवा (आईआरएसईई) के अधिकारी हैं।



**• विनीत जोशी विद्यालय शिक्षा एवं साक्षरता विभाग के सचिव भी**

उच्च शिक्षा विभाग के सचिव विनीत जोशी को विद्यालय शिक्षा एवं साक्षरता विभाग के सचिव का अतिरिक्त प्रभार सौंपा गया है। वे मणिपुर कैडर के 1992 बैच के आईएएस अधिकारी हैं।

# डेंगू-मलेरिया से बचाव के लिए जन सहभागिता जरूरी : ब्रजेश पाठक

## उपमुख्यमंत्री ने लोहिया संस्थान से संचारी रोग अभियान का किया शुभारंभ

**राज्य ब्यूरो, नईदुनिया, लखनऊ :** उत्तर प्रदेश में कभी सबसे बड़ी चुनौती रहे इंसेफलाइटिस पर अब लगभग 99 प्रतिशत तक नियंत्रण पाया जा चुका है। वहीं, डेंगू और मलेरिया के मामलों में भी काफी हद तक कमी आई है। हालांकि इन बीमारियों को पूरी तरह नियंत्रित करने के लिए आम जनता की सक्रिय भागीदारी अभी भी सबसे जरूरी है। यह बातें प्रदेश के उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने बुधवार को संचारी रोग अभियान का प्रारंभ करते हुए कही।



उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने आज डॉ. राममनोहर लोहिया इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेस के एकेडमिक ब्लॉक से संचारी रोग अभियान का शुभारंभ किया। उन्होंने कहा कि सरकार वर्ष में तीन बार संचारी रोग नियंत्रण एवं जागरूकता अभियान चलाती है। 13 विभागों के समन्वय से व्यापक स्तर पर काम किया जाता है। इसके बावजूद केवल सरकारी प्रयास पर्याप्त नहीं हैं। जब तक आम लोग अपने घर और आसपास साफ-सफाई नहीं रखेंगे। मच्छरों के पनपने की परिस्थितियां समाप्त नहीं करेंगे। तब तक इन बीमारियों पर पूरी तरह अंकुश लगाना मुश्किल रहेगा। उन्होंने लोगों को सफाई के प्रति जागरूक किया। उपमुख्यमंत्री ने लोगों से घर और आसपास पानी जमा न होने देने की अपील की। उन्होंने कहा कि सीलन, गंदगी और धूल से दूरी बनाए रखें। भोजन करने से पहले साबुन से हाथ धोने की आदत अपनाएं। साफ और सुरक्षित पानी पीने, बाजार में खुले में बिकने वाले खाद्य पदार्थों तथा कोल्ड ड्रिंक के अत्यधिक सेवन से बचें। नियमित व्यायाम भी बहुत जरूरी है।

**लार्वा को पनपने से रोकें :** उपमुख्यमंत्री ने कहा कि डेंगू में प्लेटलेट्स तेजी से कम हो सकती है। इससे मरीज की जान जोखिम में पड़ जाती है। इसलिए बीमारी होने का इंतजार करने के बजाय मच्छरों के लार्वा को पनपने से रोकना सबसे प्रभावी उपाय है। इससे डेंगू, मलेरिया, इंसेफलाइटिस, चिकनगुनिया से बच सकते हैं। उन्होंने कहा कि बीमारियों के इलाज पर सबका फोकस रहता है। लेकिन बीमारी होने से पहले बचाव और रोकथाम को लेकर पर्याप्त जानकारी साझा नहीं की जाती। लोगों को रोकथाम आधारित जागरूकता अभियान से जोड़ने पर विशेष बल दिया गया।

**एमबीबीएस-नर्सिंग छात्रों से संवाद किया :** इस अवसर पर उपमुख्यमंत्री पाठक ने लोहिया संस्थान के एमबीबीएस प्रथम वर्ष और बीएससी नर्सिंग के विद्यार्थियों से संवाद किया। उन्होंने छात्रों से पढ़ाई, हॉस्टल और भोजन की गुणवत्ता के बारे में विस्तार से जानकारी ली। छात्रों से पूछा कि उन्हें घर की याद तो नहीं आ रही, भोजन कैसा मिल रहा है।

# सीएमओ ने हरी झंडी दिखाकर की संचारी रोग नियंत्रण अभियान की शुरुआत

**राज्य ब्यूरो, नईदुनिया, चित्रकूट :** उत्तर प्रदेश के चित्रकूट जनपद में मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ महेंद्र कुमार त्रिपाठी ने बुधवार को स्वास्थ्य कर्मियों को शपथ दिलाकर एवं नगर पालिका परिसर से जागरूकता रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस रैली के साथ एक से 31 जुलाई तक चलने वाले विशेष संचारी रोग नियंत्रण एवं दस्तक अभियान की शुरुआत की।

मुख्य चिकित्सा अधिकारी कार्यालय में आयोजित कार्यक्रम में सीएमओ डॉ महेंद्र कुमार त्रिपाठी ने बताया कि शासन के निर्देश एवं जिलाधिकारी पुलकित गर्ग के मार्गदर्शन में संचारी रोगों की रोकथाम और नियंत्रण के लिए एक जुलाई से 31 जुलाई तक जनपद में विशेष संचारी रोग नियंत्रण एवं दस्तक अभियान चलाया जाएगा। उन्होंने बताया कि अभियान के दौरान मलेरिया, डेंगू, चिकनगुनिया और डायरिया जैसे संचारी रोगों की रोकथाम के लिए जनजागरुकता के साथ साथ इलाज के लिए विशेष अभियान चलाए जाएंगे। अभियान के दौरान स्वच्छता, सैनिटाइजेशन और फॉगिंग का विशेष कार्यक्रम संचालित किया जाएगा। इसके अलावा जल भराव वाले इलाकों में रहने वाले लोगों और विद्यालयों में पढ़ने वाले छात्रों को संचारी रोगों से बचाव के लिए जागरूक किया जाएगा। इसके साथ ही निगरानी समितियां घर-घर जाकर सर्वे करेंगी और संचारी रोगों से ग्रसित व्यक्तियों को मेडिसिन किट उपलब्ध कराएंगी। साथ ही, महिलाओं और कुपोषित बच्चों को पुष्टाहार भी दिया जाएगा।

सीएमओ डॉ त्रिपाठी ने बताया कि इस अभियान में चिकित्सा, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण, नगर विकास, पंचायतीराज, आईसीडीएस, ग्राम्य विकास, चिकित्सा शिक्षा, शिक्षा, दिव्यांगजन सशक्तीकरण, कृषि, पशुपालन और सूचना विभाग समन्वय बनाकर संचारी रोगों की रोकथाम व नियंत्रण के अभियान में शामिल रहेंगे।

इस मौके पर एसीएमओ डॉ.संतोष कुमार, डॉ.रत्मेले, डॉ.जथरिया, डॉ.दया शंकर, डॉ. अरुण पटेल, डीएमओ आर.के. सिंह, पंकज गोयल, डीपीएम आर. के. करवरिया, एसएमआई रोहित व्यास व एमआई ज्योति, प्रगति चंदेल आदि मौजूद रहे।

# काशी में बीमार पड़े भगवान जगन्नाथ को शीघ्र स्वस्थ होने के लिए दिया जा रहा औषधीय काढ़ा

**राज्य ब्यूरो, नईदुनिया, वाराणसी :** उत्तर प्रदेश की धार्मिक नगरी काशी (वाराणसी)में ज्येष्ठ माह के पूर्णिमा तिथि पर भक्तों के प्रेम में अत्यधिक स्नान से प्रतीक रूप से बीमार पड़े भगवान जगन्नाथ स्वास्थ्य लाभ के लिए एकांतवास में है। उन्हें शीघ्र स्वस्थ होने के लिए औषधीय काढ़ा दिया जा रहा है। अस्सी स्थित भगवान जगन्नाथ के मंदिर में भगवान जगन्नाथ,भइया बलभद्र और बहन सुभद्रा तीनों देव (काष्ठ विग्रह) को सायंकाल प्रधान पुजारी राधे श्याम पांडेय काली मिर्च, लौंग, छोटी और बड़ी इलायची, जायफल, खांडसारी तथा तुलसी से तैयार विशेष काढ़े का भोग अर्पित कर रहे है। मान्यता के अनुसार यही औषधीय काढ़ा पीने से भगवान एक पखवाड़े में स्वस्थ हो जाएंगे। भगवान को चढ़ाया प्रसाद मंदिर पहुंच रहे श्रद्धालुओं में वितरित हो रहा है। बुधवार को मंदिर के पुजारी ने बताया कि काढ़े का प्रसाद लेने के लिए भक्तों की भारी भीड़ मंदिर में पहुंच रही है। पुजारी राधेश्याम पांडेय स्वयं मिट्टी के चूल्हे पर पारंपरिक बना भगवान को अर्पित करते है। क्षेत्रीय सामाजिक कार्यकर्ता रामयश मिश्र बताते है कि काढ़े का प्रसाद लेने से सर्दी, खांसी और पेट के तमाम रोग ठीक हो जाते हैं। उन्होंने बताया कि भगवान को चढ़ा प्रसाद आस्था, परंपरा और विश्वास का प्रतीक है। यह उत्सव केवल एक धार्मिक अनुष्ठान नहीं, बल्कि काशी की सांस्कृतिक विरासत का जीवंत प्रतीक है। हर वर्ष की तरह इस बार भी भगवान का गणेश स्वरूप, स्नान यात्रा और एकांतवास यह संदेश दे गया कि दिव्यता केवल दर्शन में नहीं, बल्कि उन परंपराओं में भी बसती है जिन्हें पीढ़ियां पूरी श्रद्धा के साथ जीवित रखती आई हैं। सामाजिक कार्यकर्ता बताते है कि नाथों के नाथ भगवान जगन्नाथ के एकांतवास पर जाने (बीमार होने ) की लीला भी मानव को एक संदेश देने के लिए है।

# संभावित बाढ़ और आपदाओं से बचाव को लेकर फरिहा व जुहीखा में लगी राहत चौपाल

**राज्य ब्यूरो, नईदुनिया, औरैया :** उत्तर प्रदेश के औरैया जनपद में संभावित बाढ़, अतिवृष्टि और अन्य प्राकृतिक आपदाओं से होने वाली जनहानि एवं पशुहानि को कम करने के उद्देश्य से औरैया सदर ब्लॉक की ग्राम पंचायत फरिहा एवं जुहीखा में बुधवार को राहत चौपाल का आयोजन किया गया। चौपाल में ग्रामीणों को आपदा के समय सतर्क रहने और सुरक्षित रहने के उपायों की विस्तार से जानकारी दी गई। साथ ही 8वीं वाहिनी एनडीआरएफ, गाजियाबाद की टीम ने आपदा जोखिम न्यूनीकरण को लेकर सामुदायिक जागरूकता कार्यक्रम भी चलाया।



कार्यक्रम की अध्यक्षता अपर जिलाधिकारी (वित्त एवं राजस्व) अविनाश चंद्र मौर्य ने की। उन्होंने कहा कि प्राकृतिक आपदाओं के दौरान जागरूकता और समय पर सतर्कता ही सबसे बड़ा बचाव है। ग्रामीणों को बाढ़ के दौरान बरती जाने वाली सावधानियों, सुरक्षित स्थानों पर जाने, बिजली उपकरणों से दूरी बनाए रखने तथा प्रशासन के निर्देशों का पालन करने के बारे में जानकारी दी गई। इसके साथ ही 'क्या करें और क्या न करें' विषय पर भी लोगों को विस्तार से समझाया गया।

इस अवसर पर उपजिलाधिकारी अजीतमल गरिमा सोनकिया, आपदा विशेषज्ञ, ग्राम लेखपाल, ग्राम सचिव अरमान खान सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी मौजूद रहे। अधिकारियों ने ग्रामीणों से अपील की कि किसी भी आपात स्थिति में अफवाहों से बचें और तत्काल प्रशासन को सूचना दें।

एनडीआरएफ के सब-इंस्पेक्टर रूपेश कुमार एवं उनकी टीम ने ग्रामीणों को बाढ़ समेत विभिन्न प्रकार की प्राकृतिक आपदाओं से बचाव के उपायों की व्यवहारिक जानकारी दी। टीम ने आपातकालीन परिस्थितियों में सुरक्षित निकासी, प्राथमिक उपचार, डूबते व्यक्ति को बचाने के तरीके तथा जान-माल की सुरक्षा के उपायों का प्रदर्शन कर लोगों को प्रशिक्षित किया।

# स्कूल चलो अभियान की तैयारियां पूरी करने के निर्देश

**राज्य ब्यूरो, नईदुनिया,देवरिया:** उत्तर प्रदेश के देवरिया के जिलाधिकारी मधुसूदन हुल्गी की अध्यक्षता में बुधवार को कलेक्ट्रेट सभागार में जिला टास्क फोर्स शिक्षा समिति एवं प्रोजेक्ट अलंकार की बैठक हुई। बैठक में 2 जुलाई से शुरू होने वाले स्कूल चलो अभियान की तैयारियों की समीक्षा की गयी।




बैठक में जिलाधिकारी ने सभी संबंधित अधिकारियों को समय से सभी व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

उन्होंने कहा कि विद्यालयों में आधारभूत सुविधाएं, पेयजल, शौचालय, बिजली, बाउंड्रीवाल एवं जल निकासी की समुचित व्यवस्था पहले से सुनिश्चित की जाए। विद्यालय परिसर में जलभराव न हो तथा कहीं भी बिजली के ढीले या लटकते तार न रहें। उन्होंने निर्देश दिया कि अभियान के पहले दिन पंचायत सचिव, लेखपाल, खंड शिक्षा अधिकारी, प्रभारी चिकित्सा अधिकारी सहित अन्य अधिकारी विद्यालयों में उपस्थित रहकर बच्चों का स्वागत करेंगे।जिलाधिकारी ने अधिकारियों से शिक्षा के क्षेत्र में देवरिया को निपुण जनपद बनाने के लिए सक्रिय भूमिका निभाने का आह्वान किया। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी राजेश कुमार सिंह, मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. ए.के. गुप्ता, बेसिक शिक्षा अधिकारी, जिला विद्यालय निरीक्षक सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

# मासूम बच्ची से दरिंदगी करने वाला बुजुर्ग गिरफ्तार

**हमीरपुर:** उत्तर प्रदेश में हमीरपुर जिले के राठ कस्बे में छह वर्षीय मासूम बच्ची के साथ दुष्कर्म का मामला बुधवार को सामने आया है। पुलिस ने पीड़ित की मां की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर आरोपित बुजुर्ग को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। कोतवाल अनूप सिंह ने बुधवार को बताया दिल्ली निवासी महिला ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि वह अपने भाई के घर राठ कस्बे के एक मोहल्ले में आई थी।

आरोप है कि उसकी छह वर्षीय पुत्री पास की दुकान पर कुरकुरे लेने गई थी। इसी दौरान रामनगर मल्हौंवा रोड नहर बाईपास निवासी 75 वर्षीय चांद खां उसे बहला फुसलाकर अपने साथ ले गया और उसके साथ दुष्कर्म किया। कुछ देर बाद जब मासूम घर लौटी तो उसकी हालत देखकर परिजनों को अनहोनी की आशंका हुई।पूछताछ में घटना की जानकारी मिलने पर परिजन कोतवाली पहुंचे और आरोपित के खिलाफ तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की। कोतवाल ने बताया पीड़ित की मां की तहरीर पर दुष्कर्म सहित पास्को एक्ट में मुकदमा दर्ज कर आरोपित को जेल भेज दिया है।

# मुख्यमंत्री के संभावित विंध्याचल दौरे को लेकर प्रशासन सतर्क, तैयारियों का लिया जायजा

**राज्य ब्यूरो, नईदुनिया, मीरजापुर:** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के संभावित विंध्याचल दौरे की तैयारियों को लेकर जिला प्रशासन ने व्यवस्थाओं को अंतिम रूप देना शुरू कर दिया है। बुधवार को मंडलायुक्त राजेश प्रकाश, पुलिस उपमहानिरीक्षक पूनम, जिलाधिकारी पवन कुमार गंगवार तथा पुलिस अधीक्षक अपर्णा रजत कौशिक ने विंध्यधाम पहुंचकर विभिन्न स्थलों का निरीक्षण किया और संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने सबसे पहले मोतिया झील स्थित हेलीपैड का जायजा लिया। इसके बाद विंध्यवासिनी मंदिर के गेट संख्या-एक के पास निर्माणाधीन सुरक्षित विश्राम कक्ष (सेफ हाउस) का निरीक्षण कर निर्माण कार्यों की प्रगति देखी। मंदिर परिसर में सुरक्षा व्यवस्था, श्रद्धालुओं की आवाजाही, विशिष्ट अतिथि मार्ग, बैरिकेडिंग तथा स्वच्छता व्यवस्था की भी समीक्षा की गई।

# लेखपाल 10 हजार रुपये की रिश्वत लेते गिरफ्तार

**बरेली:** भ्रष्टाचार निवारण संगठन (एंटी करप्शन) बरेली की टीम ने बुधवार को राजस्व लेखपाल को 10 हजार रुपये की रिश्वत लेते रंगे हाथ गिरफ्तार कर लिया। आरोपित लेखपाल पर खेत की तूदाबंदी कराने के एवज में रिश्वत मांगने का आरोप है। प्रभारी निरीक्षक जितेंद्र सिंह ने बताया कि शाकिर अली जो मोहल्ला बाबूजई, थाना कोतवाली शाहजहांपुर का निवासी है, ने शिकायत की थी।

**म.प्र. राज्य पर्यटन विकास निगम मर्या.**
पर्यटन भवन, भदभदा रोड, भोपाल- 462003
फोन :+91 755 4027100, 2774340/42, www.mpstdc.com
Your host in the heart of India
क्रमांक 317/यांत्रिकी/पविनि/26 दिनांक : 01.07.2026

**निविदा सूचना 254./ 2026_STDC_518793_1**

मध्यप्रदेश राज्य पर्यटन विकास निगम भोपाल द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु ऑनलाइन (Online) निविदा प्रपत्र APPENDIX 2.10 पर म.प्र. लोक निर्माण विभाग में उपयुक्त श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से आमंत्रित की जाती है। **कार्य का नाम- होटल शीश महल ओरछा जिला निवाड़ी में पिंक टॉयलेट्स का निर्माण एवं 02 टॉयलेट्स के रिनोवेशन का कार्य (कार्य पूर्णता का समय 06 माह) कार्य की अनुमानित लागत राशि रु. 31.15 लाख** वेबसाइट पर ऑनलाइन भुगतान कर निविदा प्रपत्र (टेण्डर डाक्युमेंट) वेबसाइट के माध्यम से क्रय किये जा सकते हैं। निविदा प्रपत्र ऑनलाइन क्रय करने की **अंतिम तिथि 21.07.2026 समय सायं 05:00 बजे तक** निर्धारित है। कार्य का विस्तृत विवरण वेबसाइट **https://mptenders.gov.in** पर देखा जा सकता है।

म.प्र. माध्यम/126666/2026 **कार्यपालन यंत्री**

**MADHYA PRADESH STATE ELECTRONICS DEVELOPMENT CORPORATION LIMITED**
(A Govt. of M.P. Undertaking)
State IT Centre, 47-A, Arera Hills, Bhopal - 462011 (M.P.)
India, Tel. : (0755) 2518300, 2518500
CIN : U74210MP1983SGC002298
Tender No. MPSEDC/SWAN/ATS/2026/701

**NOTICE INVITING TENDER**

MPSEDC invites Proposal from the bidders for **Establishment of State-of-the-Art Smart Conferencing Room and Modern War Room at ATS Headquarters, Shyamla Hills Bhopal.** Interested Bidders, who qualify as per the criteria mentioned in the document, may submit their proposals through e-tendering latest by **15.07.2026 till 03:00 p.m.** on e-Procurement portal **(www.mptenders.gov.in).** Bidders required to submit the document fee of **Rs. 10,000/-** (Rupees Ten Thousand only) for RFP document, e-Procurement Processing fees and EMD amount through online payment at e-Procurement portal.
The detailed RFP document can be downloaded from the website **www.mptenders.gov.in**
M.P.M./126658/2026 **CHIEF GENERAL MANAGER**

# आपका राशिफल 02 जूलाई

**मेष** (चू चे चो ला ली लू ले लो अ): निकटस्थ व्यक्ति का सहयोग काम को गति दिला देगा। व्यर्थ प्रपंच में समय नहीं गंवाकर अपने काम पर ध्यान दीजिए। अच्छे कार्य के लिए रास्ते बना लेंगे। पूर्व नियोजित कार्यक्रम सरलता से संपन्न हो जाएंगे। व्यापार व व्यवसाय में स्थिति उत्तम रहेगी। जीवनसाथी का परामर्श लाभदायक रहेगा। शुभांक-1-3-5

**वृष** (इ उ ए ओ वा वी वू वे वो): अपने हित के काम सुबह-सबेरे निपटा लें। यात्रा शुभ रहेगी। अपने काम पर पैनी नजर रखिए। विरोधी नुकसान पहुंचाने की कोशिश करेगा। अपने हितैषी समझे जाने वाले ही पीठ पीछे नुकसान पहुंचाने की कोशिश करेंगे। आर्थिक हित के काम को साधने में मदद मिल जाएगी। शुभांक-2-4-6

**मिथुन** (का की कू घ ङ छ के को हा): अपने काम को प्राथमिकता से करें। बुरी संगति से बचें। आशानुकूल कार्य होने में संदेह है। स्वास्थ्य मध्यम रहेगा। लेन-देन में अस्पष्टता ठीक नहीं। निर्मूल शंकाओं के कारण मनस्ताप भी पैदा हो सकते है। भय तथा शत्रुहानि की आशंका रहेगी। पारिवारिक परेशानी बढ़ेगी। हाथ पैरों में पीड़ा हो सकती है। शुभांक 4 7 9

**कर्क** (ही हू हे हो डा डी डू डे डो): दूसरों के कार्यों में अनावश्यक हस्तक्षेप न करें। कामकाज में आ रहा अवरोध दूर होकर प्रगति का रास्ता मिल जाएगा। अच्छे कार्य के लिए रास्ते बना लेंगे। अपने हित के काम सुबह-सबेरे ही निपटा लें। रुपए पैसों की सुविधा मिल पाएगी। कामकाज सीमित तौर पर ही बन पाएंगे। शुभांक-2-4-5

**सिंह** (मा मी मू मे मो टा टी टू टे): चिंतनीय वातावरण से मुक्ति मिलेगी। मान-सम्मान में वृद्धि होगी। यात्रा प्रवास का सार्थक परिणाम मिलेगा। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। अपने काम में सुविधा मिल जाने से प्रगति होगी। नवीन जिम्मेदारी बढ़ने के आसार रहेंगे। यात्रा शुभ रहेगी। सुविधाओं में बाधा आएगी। शुभांक-4-5-6

**कन्या** (टो पा पी पू ष ण ठ पे पो): निष्ठा से किया गया कार्य पराक्रम व आत्मविश्वास बढ़ाने वाला होगा। संतोषजनक सफलता मिलेगी। मेहमानों का आगमन होगा। पैतृक सम्पत्ति से लाभ। नैतिक दायरे में रहें। पुरानी गलती का पश्चाताप होगा। विद्यार्थियों को लाभ। वाहन चालन में सावधानी बरतें। आय के अच्छे योग बनेंगे। शुभांक-2-4-7

**तुला** (रा री रु रे रो ता ती तू ते): परिवारजन का सहयोग व समन्वय काम को बनाना आसान करेगा। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। शैक्षणिक कार्य आसानी से पूरे होते रहेंगे। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। बुरी संगति से बचें। ज्ञानार्जन का वातावरण बनेगा। शुभांक-5-6-9

**वृश्चिक** (तो ना नी नू ने नो य यी यू): संतान पक्ष से थोड़ी चिंता रहेगी। अपनों का सहयोग प्राप्त होगा। शिक्षा में आशानुकूल कार्य होने में संदेह है। व्यापार व व्यवसाय में स्थिति उत्तम रहेगी। नौकरी में पदोन्नति की संभावना है। मित्रों से सावधान रहें तो ज्यादा उत्तम है। शारीरिक सुख के लिए व्यसनों का त्याग करें। शुभांक-3-6-8

**धनु** (ये यो भा भी भू धा फा ढा भे): शत्रुभय, चिंता, संतान को कष्ट, अपव्यय के कारण बनेंगे। व्यवसाय में प्रतिद्वंद्वी परेशान कर सकते हैं। समय व्ययकारी सिद्ध होगा। वैचारिक उत्तेजना पर नियंत्रण रखें। कुछ महत्वपूर्ण कार्य बनाने के लिए भाग-दौड़ रहेगी। स्वास्थ्य मध्यम रहेगा। अपनी परिसंपत्ति को संभालकर रखें। शुभांक-3-5-7

**मकर** (भो जा जी खी खू खे खो गा गी): मित्रों की उपेक्षा करना ठीक नहीं रहेगा। व्यापार में वृद्धि व उत्तम लाभ मिलेगा। नौकरी क्षेत्र में कुछ उलझनें रहेंगी। यश-प्रतिष्ठा में वृद्धि व शिक्षा में परेशानी आ सकती है। व्यापार में वृद्धि होगी। नौकरी में सहयोगियों का सहयोग प्राप्त होगा। मेहमानों का आगमन होगा। शुभांक-4-6-8

**कुंभ** (गू गे गो सा सी सू से सो दा): महत्वपूर्ण निर्णय के लिए दूरदर्शिता से काम लें। कोष में कमी व व्यय की अधिकता से परेशान होंगे। किसी से वाद-विवाद अथवा कहासुनी होने का भय रहेगा। जल्दबाजी में कोई भूल संभव है। कार्य भार बढ़ेगा। जरा सी लापरवाही आपको परेशानी में डाल सकती है। सलाह उपयोगी सिद्ध होगी। शुभांक 2 6 9

**मीन** (दी दू थ झ ञ दे दो चा ची): प्रतिष्ठा बढ़ाने वाले कुछ सामाजिक कार्य संपन्न होंगे। कई प्रकार के हर्ष उल्लास के बीच अप्रत्याशित विघ्न पैदा होंगे। आमोद-प्रमोद का दिन होगा और व्यावसायिक प्रगति भी होगी। स्वास्थ्य और जीवन स्तर में सुधार की अपेक्षा रहेगी। ज्ञान-विज्ञान की वृद्धि होगी और सज्जनों का साथ भी रहेगा। शुभांक-5-6-8